|| शिरडी वाले साईं बाबा भजन ||

Chalisamantras.com

जमाने में कहाँ,
टूटी हुई तस्वीर बनती है,
तेरे दरबार में,
बिगड़ी हुई तकदीर बनती है ।

तारीफ़ तेरी निकली है दिल से,
आई है लब पे बन के कवाली,
शिरडी वाले साईं बाबा,
आया है तेरे दर पर सवाली,
शिरडी वाले साईं बाबा,
आया है तेरे दर पर सवाली ।

लब पे दुआए आँखों में आंसू,
दिल में उम्मीदें पर झोली खाली,
शिर्डी वाले साईं बाबा,
आया है तेरे दर पे सवाली ।

ओ मेरे साईं देवा,
तेरे सब नाम लेवा,
जुदा इंसान सारे,
सभी तुझ को प्यारे,
सुने फ़रियाद सब की,
तुझे है याद सब की,
बड़ा है कोई छोटा,
नहीं मायूस लौटा,

Chalisamantras.com

अमीरों का सहारा,
गरीबो का गुजारा ।

तेरी रहमत का किस्सा बयाँ,
अकबर करे क्या,
दो दिन की दुनिया,
दुनिया है गुलशन,
सब फूल कांटे,
तू सब का माली,
शिरडी वाले साईं बाबा,
आया है तेरे दर पर सवाली ।

खुदा की शान तुझमें,
दिखे भगवान तुझमें,
तुझे सब मानते हैं,
तेरा घर जानते हैं,
चले आते हैं दौड़े,
जो खुशकिस्मत हैं थोड़े,
ये हर राही की मंजिल,
ये हर कश्ती का साहिल ।

जिसे सब ने निकाला,
उसे तुने संभाला,
तू बिछड़ो को मिलाये,
बुझे दीपक जलाए,
यह गम की राते,
राते यह काली,
इनको बनादे ईद और दीवाली ।

Chalisamantras.com

शिर्डी वाले साईं बाबा,
आया है तेरे दर पे सवाली,
लब पे दुआए आँखों में आंसू,
दिल में उम्मीदें पर झोली खाली ।

शिरडी वाले साईं बाबा,
आया है तेरे दर पर सवाली,
शिरडी वाले साईं बाबा,
आया है तेरे दर पर सवाली ।

Chalisamantras.com

Chalisamantras.com